तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 30 सितंबर 2026

11 शराबी प्रभारी शिक्षक ने हाजिरी लगाकर...



12 जनदर्शन में ग्रामीणों ने रखी अपनी समस्याएं,...



खबर संक्षेप

सट्टा खिलाते 4 सटोरिये गिरफ्तार



खरोरा। पुलिस अधीक्षक महोदया श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चंचल तिवारी के मार्गदर्शन में तथा अनुविभागीय अधिकारी विधानसभा वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में सटोरियों को गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार है कि दिनांक 28 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिला कि खरोरा के महामाया अस्पताल के पास कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर सट्टा नामक जुआ खेलवा रहे है कि सूचना पर थाना खरोरा पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर रेड कार्यवाही किया जहां पर से आरोपी सतविन्दर सिंग बग्गा, जगमोहन नशीने, धर्मेन्द्र देवांगन एवं बसंत देवांगन को अवैध रूप से रूपये की दांव लगाकर सट्टा पर्ची लिखते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी सतविंदर सिंग बग्गा उर्फ रिंकू के कब्जे से पीला रंग का कोरा कागज का टुकड़ा रूपये का हिसाब जिसमें नीला पेन से सट्टा का अलग-अलग अंक अंकित है, नगदी रकम 9,885 रूपए, एक ओप्पो कंपनी का पुरानी इस्तेमाली स्कीनटच मोबाईल पुरानी इस्तेमाली केल्क्युलेटर चालू स्थिति में एवं 01 नग पुरानी इस्तेमाली नीला डॉट पेन को गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया ▸▸ शेष पेज 10 पर

हाथियों के दल ने रौंदी फसल, किसानों ने मांगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सेल

ग्राम मुड़पार में बीती रात जंगली हाथियों के दल ने किसानों के खेतों में पहुंचकर खरीफ की धान फसल को रौंदकर काफी नुकसान पहुंचाया। सुबह खेतों का निरीक्षण करने पहुंचे किसानों ने फसल बर्बाद देखी। हाथियों के आतंक से क्षेत्र के किसानों में चिंता व्याप्त है।

किसानों ने बताया कि धान की फसल तैयार करने में बीज, खाद, दवा, मजदूरी और सिंचाई पर पूरे साल खर्च किया जाता है। ऐसे समय में हाथियों द्वारा फसल नष्ट किए जाने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने वन विभाग एवं प्रशासन से मौके पर पहुंचकर फसल क्षति का सर्वे कराने और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।



वन विभाग से निष्पक्ष सर्वे की मांग

किसानों का कहना है कि फसल क्षति का आकलन मौके पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए तथा जिस किसान की जितनी फसल प्रभावित हुई है, उसके अनुसार मुआवजा निर्धारित किया जाए। उन्होंने मुआवजा प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध करने की भी मांग की, ताकि प्रभावित किसानों को लंबे समय तक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। किसानों ने हाथियों से फसल बचाने के लिए स्थायी उपाय किए जाने की भी मांग की है।



अनदेखी : ओवरलोड वाहनों से आवागमन प्रभावित

सड़क पर खड़े वाहनों से हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार-सिमगा और बलौदाबाजार-रवान मार्ग पर बढ़ते भारी वाहनों के दबाव और सड़क किनारे बेतरतीब पार्किंग से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। रिसदा बाईपास चौक से ग्राम ढाबाडीह, आगे सेमहराडीह तक कई स्थानों पर ट्रक और डंपर सड़क के दोनों किनारों पर खड़े रहने से मार्ग संकरा हो गया है। इससे राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार रिसदा बाईपास चौक, ढाबाडीह तथा सेमहराडीह के आसपास सड़क के किनारे भारी वाहनों की पार्किंग आम हो गई है। विशेषकर मोड़ और चौराहों के आसपास खड़े बड़े वाहनों के कारण सामने से आने वाले वाहन ▸▸ शेष पेज 10 पर



प्रेशर हॉर्न से भी परेशानी

भारी वाहनों में प्रतिबंधित प्रेशर हॉर्न के इस्तेमाल की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। तेज और कर्कश आवाज वाले हॉर्न से राहगीरों के साथ आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी होती है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और अन्य लोगों पर भी इसके प्रतिकूल प्रभाव को लेकर ग्रामीणों ने चिंता जताई है।

हिरमी-रावन मार्ग पर बीच सड़क खराब हुआ ट्रक

हिरमी रावन। मोहरा पेट्रोल पंप से बस स्टैंड पहुंच मार्ग पर मंगलवार को एक बड़ा ट्रक बीच सड़क पर खराब हो गया। हिरमी की ओर जा रहा यह ट्रक सड़क के बीचों बीच खराब होने के कारण दिनभर आवागमन प्रभावित रहा। छोटी-बड़ी अन्य गाड़ियां सड़क के किनारे से होकर किसी तरह निकलती रहीं।स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क के बीच खराब हुआ ट्रक दिनभर वहीं खड़ा रहा। वाहन को हटाने की तत्काल कोई व्यवस्था नहीं होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क पर वाहनों की आवाजाही के बीच इस तरह भारी वाहन के खराब होकर खड़े रहने से कभी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रही।ग्रामीणों का कहना है कि हिरमी-मोहरा मार्ग पर इन दिनों बड़ी और लंबी मालवाहक गाड़ियों की आवाजाही काफी बढ़ गई है। इनमें कई वाहन पुराने और खराब हालत में होने के कारण आए दिन सड़क पर खराब होते रहते हैं। रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है। कई बार खराब वाहन बिना इंडिकेटर या पर्याप्त चेतावनी संकेत के सड़क पर खड़े रहते हैं, जिससे पीछे से आने वाले वाहन चालकों को उनका पता नहीं चल पाता। ऐसे ▸▸ शेष पेज 10 पर



ट्रक से बैटरी चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



रिसदा रोड स्थित निरंजन ट्रांसपोर्ट यार्ड में खड़े ट्रकों से बैटरी चोरी करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई करीब 21 हजार रुपए कीमत की दो बैटरियां और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने शराब पीने और पैसों की जरूरत पूरी करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक निरंजन ट्रांसपोर्ट, बलौदाबाजार के मैनेजर गीरेन्द्र सिंह सेगर ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रिसदा रोड स्थित ट्रांसपोर्ट यार्ड में खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 22 एक्स 7702 से अज्ञात चोर दो बड़ी बैटरियां चोरी कर ले गए हैं। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 810/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। सूचना के आधार पर केशव कुमार ध्रुव, सूरज यादव और धनंजय साहू उर्फ राजू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ और मेमोरेंडम कथन में आरोपियों ने 27 सितंबर की रात एक साथ शराब पीने के बाद शराब व पैसों की व्यवस्था के लिए चोरी की ▸▸ शेष पेज 10 पर

VISIT NOW OR WAIT UNTIL NEXT YEAR

Best offer of the year is closing soon - only 4 days left.



DESIGNED FOR EXCEPTIONAL SPACES

Luxury Residences • Hotels • Hospitals
Corporate Spaces • Institutions



PROJECTS DESERVE MORE

Dedicated Project Support • Special Project pricing • Bulk Requirements • Reliable Supply

FAYDE KE ₹20 DIN

LIMITED TIME, UNLIMITED FAYDE.

14TH SEP - 3RD OCT

NOW OR NEVER PRICES

BUY 1 GET 1 FREE

FLASH DAY SALE

BULK QUANTITY MORE SAVINGS

20 DAYS 20 LUCKY WINNERS

SPOT BOOKING ADDITIONAL DISCOUNT

AD DESIGNED BY UNOQI STUDIO

RATHI'S BUILD MART
नींव से निर्माण तक®

TILES | BATHWARE | STONES | INTERIORS | WINDOWS

RBM's INNER CIRCLE
More than a Customer. A Valued Partner.

SAVE UPTO ₹5 LAKH

100+ PREMIUM BRANDS

KOHLER. | Artist Editions KOHLER | Nexion | ETERNIA | HÄFELE | Oyster | hansgrohe | fima CARLO FRATTINI | ICON WORLD OF TILE | FlexStone | EVEREST PLY | GEBERIT

VISIT US TODAY

RAIPUR DHAMTARI ROAD, DEVPURI. | BILASPUR VYAPAR VIHAR CHOWK. | JAGDALPUR NEAR BINAKA MALL, CHITRAKOTE ROAD.

8518882010/20/30 CONNECT US

SCAN TO KNOW MORE

खबर संक्षेप



जलभराव से प्रभावित सेमरिया पहुंचे राजा जायसवाल

भाटापारा। जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल ने शिवनाथ नदी के किनारे स्थित ग्राम सेमरिया के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ मौजूद रहे मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सुरेश कुमार वर्मा सरपंच प्रतिनिधि दद्दू डहरिया, युवा मोर्चा के प्रमोद मोदी निषाद, शेषनारायण निषाद, विश्वनाथ आदि ने मातृशक्ति और ग्रामीणजनों से मिलकर हर स्थिति पर चर्चा की। जायसवाल ने अपील करते हुए कहा कि नदी और डूबान वाले क्षेत्रों में न जाएं, बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

कमलकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी ने मनाया फार्मासिस्ट दिवस



भाटापारा। कमलकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी भाटापारा द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया गया, जिसका विषय स्वस्थ भविष्य के लिए फार्मासिस्टों को सशक्त बनाना है। बहुत उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण से तरेंगा गांव में आयोजित किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, प्रस्तुत किया गया।

आयोजन : रंगोली, कुर्सी दौड़ व मेहंदी प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाया उत्साह

बच्चों को न्योता भोज और बांटे खिलौने, मुनगा पौधों का हुआ रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



ग्राम गिर्रा एवं सर्रा के आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन का मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को नेवता भोज खिलाकर खिलौने का वितरण किया गया ।

महिलाओं के सम्मान के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का भी सम्मान किया गया । रंगोली, कुर्सीदौड़ एवं मेंहदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान मोर्चा जिला महामंत्री एवं सेवा संकल्प अभियान के ब्लाक संयोजक महेन्द्र साहू ने संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिये अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता, लखपति दीदी अभियान को बढ़ावा, महतारी वंदन योजना, माताओं के लिए नोनी सुरक्षा जैसी योजना उनको संबल प्रदान करती है। भाजपा ही महिलाओं के आत्मसम्मान की रक्षा कर सकती है । मुख्य अतिथि महेन्द्र साहू ने पर्यावरण सरंक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए हर घर मुनगा, घर घर मुनगा कार्यक्रम के तहत मुनगा के पौधों का रोपण भी किया । इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य हेमा साहू, पूर्व सरपंच खिलेश्वरी लहरी, शक्तिकेन्द्र संयोजक भरत वर्मा,सर्रा सरपंच नमिता वर्मा,बूथ अध्यक्ष प्रेमलाल फेकर, बूथ अध्यक्ष शिव साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता विशाल चंद्राकर, डॉ रामकुमार साहू, डॉ बिष्णु साहू, शारदा साहू, भुनेश्वरी फेकर, लीला फेकर, सेक्टर सुपरवाइजर श्वेता महिलांगे, लकेश्वरी साहू, आंगनबाड़ी गिर्रा कार्यकर्ता हेमलता साहू, रूखमणी साहू, सहायिका मांडवी साहू, पूर्णिमा मिर्झा, आंगनबाड़ी सर्रा कार्यकर्ता संध्या नवरंगे, आभारानी सोनवानी, सहायिका अरुंधति वर्मा, रामेश्वरी गेन्द्रे, रोजगार सहायिका कुलेश्वरी वर्मा, मधु साहू, मोंगरा फेकर, प्रीति वर्मा, रागिनी साहू, लक्ष्मी साहू, सुषमा वर्मा, चांदनी वर्मा, रुद्रेश्वरी पटेल, योगेश्वरी पटेल,रश्मि धीवर,खिलेश्वरी धीवर, सुजाता वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

कोसमंदी में महिला सशक्तिकरण और जागरूकता का आयोजन

पलारी। ग्राम पंचायत कोसमंदी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में महिला सशक्तिकरण, विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं बच्चों के पोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव थीं। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि मनहरण जांगड़े, उप सरपंच रतनलाल साहू, पंच प्रतिमा साहू, सावित्री ध्रुव, तीजबाई ग्रीतलहरे, भाजपा मंडल सदस्य शकुन वर्मा एवं समाज सेवक पुरुषोत्तम लाल साहू की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक स्वाति जायसवाल, महिला सशक्तिकरण केंद्र की जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न तथा वित्तीय समन्वयक विशेषज्ञ कौशल्या सोनवानी ने महिलाओं और किशोरियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभों एवं आवेदन प्रक्रिया से



अवगत कराया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने भी योजनाओं से मिले लाभ पर अपने-अपने विचार व अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने बाल गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र में न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों, महिलाओं और अतिथी शामिल हुए। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता योगेश्वरी वर्मा, द्रौपदी साहू, सुनीता डहरिया, कुंती वर्मा, पुष्पा चतुर्वेदी तथा आंगनबाड़ी सहायिका निर्मला साहू, शांति साहू, भारती साहू और कुमारी डहरिया का विशेष योगदान रहा।

दो उद्यानों का कायाकल्प होगा, शासन से 1.22 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



नगर पालिका क्षेत्र के उद्यानों के सुधार, संधारण एवं नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन की राज्य प्रवर्तित योजना मद से राशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत वार्ड क्रमांक-1 स्थित पंचशील नगर के उद्यान के लिए 57 लाख रुपए तथा गार्डन चौक स्थित उद्यान के लिए 65 लाख रुपए, कुल 1.22 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने पार्षदों एवं अधिकारियों के साथ दोनों उद्यानों का निरीक्षण किया। इस दौरान नागरिकों के बैठने की व्यवस्था, बच्चों के लिए खेल उपकरण, गजिबो निर्माण, फाउंटेन तथा पेड़-पौधे व फूल लगाने सहित अन्य विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। अशोक जैन ने बताया कि नगर के उद्यानों को मनोरंजन, सैर-सपाटे और स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने राशि स्वीकृति में सहयोग के लिए कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, सभापति कन्हैया सेन, पार्षद रोहित साहू, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला, सुभाष राव, गोविंद पात्रे, भाजपा

जिले में 2 अक्टूबर को मदिरा दुकानें रहेंगी बंद

गोपालपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राज्य शासन द्वारा 2 अक्टूबर को घोषित शुष्क दिवस के मद्देनजर सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में संचालित सभी मदिरा दुकानें एक दिवस के लिए बंद रहेंगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी पद्मिनी भोई साहू ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिले में संचालित समस्त देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट मदिरा दुकानों तथा संबंधित अहातों को 2 अक्टूबर को बंद रखे जाने के निर्देश दिए हैं। इसी के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर ने जिले में संचालित देशी मदिरा दुकान, विदेशी मदिरा दुकान, देशी एवं विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान, प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान तथा सभी प्रकार के मदिरा अहातों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार 2 अक्टूबर को उक्त अवधि में मदिरा का क्रय-विक्रय एवं संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



सीमा और योगेश्वरी को मिला एजुकेशन स्कल्पटर अवॉर्ड

बलौदाबाजार। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, रचनात्मक गतिविधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोटोपार, संकुल केंद्र गिंदोला की सहायक शिक्षिकाओं सीमा जायसवाल और योगेश्वरी साहू को एजुकेशन स्कल्पटर अवॉर्ड 2026' से सम्मानित किया गया। रायपुर स्थित कलिंगा यूनिवर्सिटी में आयोजित सम्मान समारोह का आयोजन राज्य शैक्षणिक मासिक पत्रिका शिक्षा सारांश के संयुक्त तत्वावधान एवं कलिंगा यूनिवर्सिटी के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर गौतम मुख्य अतिथि तथा कलिंगा यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी अध्यक्ष रहे। शिक्षाविद डॉ. अनिल कुमार प्रधान कार्यक्रम संयोजक के रूप में उपस्थित रहे। दोनों शिक्षिकाओं को शैक्षणिक योगदान, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा विद्यालय में रचनात्मक एवं नवाचारी गतिविधियों के संचालन के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने उनकी उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए इसे जिले के लिए गौरव बताया।

सेमरिया में डांसर्स की शानदार प्रस्तुतियों ने बांधा समां



कसडोल। विकासखंड मुख्यालय के समीप ग्राम सेमरिया में 'नाच वो आऊ, नचा वो' डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों से पहुंचे प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न गीतों पर प्रतिभागियों की आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू तथा अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम सेमरिया सरपंच वीरेंद्र साहू, तहसील अध्यक्ष साहू संघ कसडोल एवं महामंत्री हरिकांत राजू साहू उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पवन साहू ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच देने के साथ कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में राजेश साहू, गणेश साहू, नीरज साहू, अभिजीत श्रीवास, धर्मेंद्र पैकरा, निर्मल कमलवंशी, दुलार सिंह, नारायण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं दर्शक उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण अंचल में छिपी नृत्य प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

महाविद्यालय में हुआ एड्स जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



मंगलवार को शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में रेड रिबन क्लब,यूथ रेडक्रॉस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी,एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य आत्माराम वर्मा ने की। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज वर्मा द्वारा पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स के संक्रमण के कारण, बचाव के उपाय, सुरक्षित व्यवहार तथा एचआईवी/एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में इसके संबंध में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए अतिथि व्याख्याता सुश्री दीप्ति वर्मा ने प्रेरित किया साथ ही, एचआईवी/एड्स से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव न करने एवं सम्मानजनक व्यवहार करने का संदेश दिया गया।

रेड रिबन प्रभारी एवं कार्यक्रम के संचालक लक्ष्मीनारायण जलहरे द्वारा छात्र-छात्राओं को एचआईवी/एड्स से प्रभावित लोगों के प्रति भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण समाप्त करने एवं जागरूकता फैलाने हेतु शपथ दिलाई गई। अंत में रेड रिबन कैंपस एम्बेडसर गेंदराम धीवर द्वारा उपस्थित अतिथियों, महाविद्यालयीन अधिकारियों कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पलारी से पी आर मार्कण्डेय, राजेश कुमार डहरिया, मिथलेश वर्मा, कोमल कुमार, बिरेन्द्र कुमार, सुश्री ईशाज्ञा मेश्राम, नरेंद्र कुमार शर्मा, अतिथि व्याख्याता में सोनम यादव,एकलव्य सिदार, लकेश्वरी साहू, अंजली साव, पार्वती कर्ष, श्रद्धा रंगारे, अभीराम पाण्डेय, राजेन्द्र सूर्यवंशी कार्यालयीन स्टॉफ इन्द्रदत्त डहरिया, खेदारूराम पटेल, दुजराम पटेल, डेविड सिंह डहरिया, सुश्री ईशा पाठक,राहुल कन्नौजिया, रूपलाल देवांगन एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रहीं।

1.69 करोड़ के गौरव पथ निर्माण की निविदा को मिली मंजूरी, ठेकेदार तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन



अधोसंरचना मद अंतर्गत गौरव पथ निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग को मंजूरी पहले से थी निकाय द्वारा निविदा भी निकाली गई लेकिन दो बार निरस्त हो गया लेकिन इस बार स्थानीय कांग्रेस पार्षदों के निरंतर प्रयासों और क्षेत्रीय विधायक की विशेष अनुशंसा के फलस्वरूप संभव हो सका है। नगर पंचायत लवन के मुख्य मार्ग से महामाया मंदिर तक आंतरिक सुगमता को बेहतर बनाने के लिए 'गौरव पथ' का निर्माण स्थानीय नागरिकों की एक प्रमुख मांग लंबे समय से थी। गौरव पथ निर्माण के लिए कांग्रेस के पार्षदों ने इस संबंध में लगातार शासन-प्रशासन के समक्ष पैरवी की एक करोड़ उन्हतर लाख अठहत्तर हजार नौ सौ बीयासी रूपये की राशि शासन द्वारा स्वीकृत की गई है टेंडर हो जाने के बाद भी महीनो बीत गया लेकिन निर्माण के नाम पर एक गिट्टी भी नहीं गिरी ।कांग्रेस पार्षद मृत्युंजय पांडेय, प्रकाश ताम्रकार, येशु दास ने क्षेत्रीय विधायक संदीप साहू को अवगत कराया इस निर्माण कार्य को गंभीरता से लेते हुए नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से जल्द से जल्द गौरव पथ निर्माण की आदेश की मांग रखी। 24 सितंबर को ठेकेदार शिवम इंटरप्राइजेस जांजगीर के न्यूनतम दर को मंजूरी दे दी है। गौरव पथ के बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि सड़क के दोनों ओर व्यवस्थित बुनियादी ढांचे (जैसे नाली निर्माण, लाइट व्यवस्था और सौंदर्यीकरण) से नगर का कायाकल्प होगा । वहीं शक्ति पीठ मां महामाया मंदिर आने जाने वाले भक्तों के लिए आसान होगा।इस मार्ग की स्वीकृति मिलने के बाद लवन नगर के निवासियों और व्यापारियों में खुशी का माहौल है, क्योंकि इससे जलभराव और जर्जर सड़क की समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल सकेगी।

पेज 9 के शेष

सट्टा खिलाते ...

गया। आरोपी जगमोहन नशीने के कब्जे से पीला रंग का कोरा कागज का टुकड़ा जिसमें रूपये का हिसाब जिसमें नीला पेन से सट्टा का अलग-अलग अंक अंकित है, नगदी रकम 7,665 रूपये, एक नोकिया कंपनी का पुरानी इस्तेमाली कीपैड मोबाईल नीला डॉट पेन को गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी बसंत देवांगन के कब्जे सफेद रंग का कोरा कागज का टुकड़ा जिसमें लाल पेन से सट्टा का अलग-अलग अंक अंकित है, नगदी रकम 8,650 रूपये, एक वीवो कंपनी का पुरानी इस्तेमाली स्कीनटच मोबाईल, पेन को गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी धर्मेन्द्र देवांगन के कब्जे सफेद रंग का कोरा कागज का टुकड़ा जिसमें नीला पेन से सट्टा का अलग-अलग अंक अंकित है,नगदी रकम 8,470 रूपये, इस्तेमाली स्कीनटच मोबाईल नग पुरानी इस्तेमाली नीला डॉट पेन को गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों को सट्टा पट्टी पर्ची लिखने के संबंध में कागजात पेश करने नोटिस दिया गया जो कोई कागजात पेश नही किये। आरोपियो के विरूध्द अपराध घटित करना पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को देकर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

सड़क पर खड़े...

दिखाई नहीं देते। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों के साथ दोपहिया चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

ओवरलोड वाहनों से सड़क भी खराब: स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षमता से अधिक खनिज और माल लेकर चलने वाले भारी वाहनों के कारण बलौदाबाजार-सिमगा तथा रवान वाया ढाबाडीह-सेमहराडीह मार्ग की सड़क भी प्रभावित हो रही है। कई स्थानों पर सड़क पर गड्ढे हो गए हैं, जिससे वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।ग्रामीणों और वाहन चालकों ने परिवहन विभाग तथा यातायात पुलिस से सड़क किनारे भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने, प्रेशर हॉर्न के खिलाफ विशेष अभियान चलाने और ओवरलोड वाहनों की जांच बढ़ाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ सकती है।

हिरमी-रावन मार्ग...

वाहनों से टकराकर लोगों के घायल होने की घटनाएं भी सामने आती रही हैं।मोहरा से होकर गुजरने वाला यह मार्ग रायपुर से खरोरा होते हुए मोहरा, हिरमी, खपराडीह और रावण सहित आसपास के बड़े सीमेंट उद्योगों को जोड़ता है। इसके चलते इस मार्ग पर दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क पर खराब होने वाले भारी वाहनों को तत्काल हटाने और रात में खड़े वाहनों के लिए पर्याप्त सुरक्षा संकेत की व्यवस्था की जाए, ताकि दुर्घटनाओं और आवागमन में होने वाली परेशानी से बचा जा सके।

ट्रक से बैटरी...

योजना बनाना स्वीकार किया। इसके बाद तीनों मोटरसाइकिल से सकारी बायपास स्थित निरंजन ट्रांसपोर्ट यार्ड पहुंचे और वहां खड़े ट्रकों से दो बैटरियां चोरी कर लीं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की दोनों बैटरियां तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को 28 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपीः केशव कुमार ध्रुव (26), सूरज यादव (28) और धनंजय साहू उर्फ राजू (21), सभी निवासी ग्राम रिसदा, थाना सिटी कोतवाली हैं।

ट्रक चालकों एवं कर्मचारियों को एचआईवी-एड्स से बचाव की दी सलाह

50 से अधिक चालकों व कर्मचारियों ने कराया टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





अल्ट्राटेक रावन सीमेंट संयंत्र के व्यवसायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीएसआर एवं लॉजिस्टिक विभाग तथा शासकीय स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी-एड्स जागरूकता एवं परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ट्रक चालकों एवं कर्मचारियों को एचआईवी संक्रमण के कारणों, बचाव के उपायों तथा समय पर जांच और उपचार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में 50 से अधिक ट्रक चालकों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।

जिला अस्पताल बलौदाबाजार की आईसीटी काउंसलर प्रीति कौशिक एवं एसटीआई काउंसलर राजकुमार चौधरी ने प्रतिभागियों को एचआईवी संक्रमण के कारण, संक्रमण के संभावित माध्यम, बचाव के उपाय तथा प्रारंभिक जांच और उपचार के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर एचआईवी जांच और उचित चिकित्सकीय परामर्श के माध्यम से संक्रमित व्यक्ति भी स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जी सकता है।

कार्यक्रम में एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव नहीं करने तथा उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करने का संदेश भी दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों के लिए स्वैच्छिक एचआईवी परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसका उन्होंने लाभ उठाया।

प्रतिभागियों ने एड्स से बचाव और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक रावन से डॉ. श्रीराम, डॉ. मंजरी, लॉजिस्टिक हेड आमिया पात्रा, प्रकाश कुमार जेना एवं युगल किशोर शर्मा उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में सीएसआर हेड निरुपा श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योस्तना पति एवं रंजय पाण्डेय तथा सीएसआर टीम के सुरेन्द्र यादव, ताराचंद वर्मा, गुमान साहू एवं सुनीता निषाद की सहभागिता रही।

खबर संक्षेप



बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए करही बाजार में अनुष्ठान

करहीबाजार। शिवनाथ नदी में आई बाढ़ के कारण करही बाजार सहित आसपास के कई गांवों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदी के बढ़े जलस्तर से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ प्रभावित परिवारों की स्थिति को देखते हुए ग्राम पंचायत करही बाजार की ओर से क्षेत्र में जल्द सामान्य स्थिति बहाल होने और प्रभावित परिवारों के सुखमय जीवन की कामना को लेकर धार्मिक अनुष्ठान किया गया। ग्राम पंचायत करही बाजार की सरपंच कमला अरुण निषाद एवं पंचायत परिवार के सदस्यों ने मिलकर गंगा मैया की पूजा-अर्चना की। इस दौरान विधि-विधान से धूप-दीप जलाकर, श्रृंगार सामग्री एवं श्रीफल अर्पित किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों ने मां गंगा से प्रार्थना करते हुए कहा कि शिवनाथ नदी का प्रबल प्रवाह शीघ्र सामान्य हो और बाढ़ का संकट टले, ताकि करही बाजार सहित आसपास के गांवों में जनजीवन फिर से पटरी पर लौट सके।

खो-खो में टोहड़ा के तीन खिलाड़ियों का चयन



खरोरा। 26वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शालेय खो-खो एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोहड़ा के तीन प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन 29 सितंबर से 1 अक्टूबर 2026 तक रायगढ़ जिले में किया जाएगा।



विद्यालय के कृष्णा साहू और किशन साहू का चयन खो-खो की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं चमन वर्मा रिले रेस में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। तीनों खिलाड़ी राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए तैयारियों में जुटे हैं। खिलाड़ियों के चयन पर संस्था की प्राचार्य श्रीमती आर. एक्का, व्यायाम शिक्षक नौतंन साहू, व्याख्याता दिनेश आडिल, हीरालाल सिन्हा, वीरेंद्र वर्मा, विक्रांत पैकरा, तोषण साहू, कमल साहू, अजित वर्मा, डोमार वर्मा, कविता वैष्णव, महेश्वरी वर्मा, मंजू पैकरा, नरेश वर्मा, रूपेंद्र भोसले एवं संजय वर्मा सहित समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, ई-ऑफिस और विकास कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसींवां

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने आज समय सीमा की बैठक में राज्य शासन की प्राथमिकता वाले प्रकरणों, योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित 12 आवेदनों तथा सुशासन तिहार से संबंधित 94 आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता से परीक्षण कर उच्च गुणवत्ता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को आवेदनों के निराकरण के बाद आवेदकों से फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए, ताकि शिकायतों के वास्तविक समाधान की स्थिति सुनिश्चित हो सके।कलेक्टर ने सुशासन, जनशिकायत, पीजी पोर्टल एवं ई-समाधान के प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार ई-ऑफिस व्यवस्था को बढ़ावा देने तथा शासकीय कार्यों में समयबद्धता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित हों और आम नागरिकों के कार्यों का अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों तथा स्वीकृत प्रधानमंत्री आवासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश



मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की भी विभागवार समीक्षा की

वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 72 निर्माण कार्यों में से 53 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 19 कार्य अब भी अपूर्ण हैं। कलेक्टर ने अपूर्ण कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बताया गया कि जिले में सारंगढ़ में 18, बिलाईगढ़ में 38 तथा बरमकेला में 16 आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत किए गए हैं। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की भी विभागवार समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को घोषणाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

लंबित त्रुटि सुधार प्रकरणों का तेजी से निराकरण के निर्देश

बाढ़ से हुई क्षति का आकलन कर शीघ्र मुआवजा राशि वितरित कराएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक मे विभागीय कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने विगत दिनों बारिश के कारण बाढ़ प्रभावित गांव मे हुए क्षति का आंकलन एवं आरबीसी 6-4 के तहत प्रकरण तैयार कर 15 दिन मे मुआवजा राशि वितरित कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि तहसीलदार अपने अधीनस्थ पटवारियों के द्वारा मकान व फसल क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार कराएं। सभी एसडीएम इसका कड़ाई से मॉनिटरिंग करें और समय पर मुआवजा राशि का भुगतान कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए बड़ी संख्या मे लंबित त्रुटि सुधार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 100 से अधिक लंबित प्रकरण पर सम्बधित नायब तहसीलदरो को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसीतरह डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिये शेष खसरो का सर्वे समय पर पूरा करने अधिक संख्या मे सर्वेयर तैनात करने कहा। कलेक्टर ने प्रत्येक विकासखंड के लिये निर्धारित 10-10 स्थानों पर सुरभि गोठान निर्माण के लिए प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश पशु पालन विभाग के अधिकारी को दिये।स्कूलों मे बालिका शौचालय निर्माण हेतु अब तक स्वीकृत 136 स्कूलों मे निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने एवं शेष स्थानों पर जल्द स्वीकृत कराने के निर्देश दिये।



पीएम आवास और 9 अक्टूबर के युवा उड़ान कार्यक्रम पर चर्चा

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी की समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन आवासो को जल्द पूर्ण कराने तथा जिन हितग्राहियों के द्वारा निर्माण मे रूचि नहीं ली जा रही उनसे राशि वसूली के निर्देश दिये। उन्होंने आगामी 9 अक्टूबर को आयोजित होने वाले युवा उड़ान कार्यक्रम के लिए जिला ऑडिटोरियम मे आवश्यक तैयारी के भी निर्देश दिये। इस दौरान ई -ऑफिस,सीएम हेल्पलाइन, लंबित राजस्व प्रकरण, सीपी ग्राम्स, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, डिजिटल क्रॉप सर्वे, डिजिटल किसान किताब, सेवा संकल्प अभियान, सेवा सेतु पोर्टल, न्यायालयीन प्रकरण आदि की समीक्षा की गई। बैठक मे सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर ए,आर. टंडन, निशा नेताम मड़ावी, सीमा ठाकुर सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

शराबी प्रभारी शिक्षक ने हाजिरी लगाकर मोबाइल छोड़ा, फिर स्कूल से रफूचक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटगी

आदर्श ग्राम पंचायत कटगी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला लखमाईसत्ती में प्रभारी शिक्षक खगेश कमल पात्रे पर शराब के नशे में स्कूल आने और हाजिरी दर्ज करने के बाद विद्यालय से चले जाने के आरोप लगे हैं।

ग्रामीणों और शाला विकास समिति के सदस्यों का कहना है कि इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बताया गया कि शासकीय प्राथमिक शाला लखमाईसत्ती में पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए मात्र दो शिक्षक पदस्थ हैं।

इनमें वीरेंद्र कुमार जायसवाल तथा प्रभारी शिक्षक खागेश कमल पत्रे शामिल हैं। ग्रामीणों के अनुसार प्रभारी शिक्षक के खिलाफ लंबे समय से शराब के नशे में विद्यालय आने तथा सुबह हाजिरी दर्ज कर लोकेशन के लिए मबाइल छोड़ विद्यालय से चले जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं।

मंगलवार को भी प्रभारी शिक्षक खागेश कमल पत्रे के शराब के नशे में विद्यालय आने और हाजिरी कर लोकेशन के लिए अपना मोबाइल स्कूल में छोड़कर चले जाने की सूचना मिली। इसके बाद शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजू जमुना साहू सहित सदस्य धजा राम कैवर्त्य, पुरुषोत्तम कैवर्त्य, सुमित्रा साहू, सवेती साहू, प्रमिला साहू, सीताबाई साहू, कुसू साहू और सुनीता साहू सहित अन्य लोग विद्यालय पहुंचे और मामले की जानकारी ली। समिति द्वारा संबंधित अधिकारियों को भी इसकी शिकायत की गई।



छात्रों ने भी बताई परेशानी

मामले को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं से भी जानकारी ली गई। छात्रा सोनिका साहू ने आरोप लगाया कि प्रभारी शिक्षक अक्सर शराब के नशे में स्कूल आते हैं और कई बार हाजिरी लगाकर मोबाइल विद्यालय में छोड़कर चले जाते हैं। छात्रा के अनुसार इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं छात्रा भूमिका साहू ने मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि प्रभारी शिक्षक को हटाकर विद्यालय में ऐसे शिक्षक की पदस्थापना की जाए, जो नियमित रूप से बच्चों को पढ़ाएं, ताकि उनकी पढ़ाई और भविष्य प्रभावित न हो।

बीईओ ने कहा - जांच के बाद जिला स्तर पर भेजा प्रस्ताव

इस संबंध में जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद धुर्वे से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें भी शिक्षक के संबंध में शिकायत पहले भी प्राप्त हुई है और मामले की जांच उनके स्तर पर की गई है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के लिए प्रस्ताव जिला स्तर पर भेज दिया गया है और जल्द ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों और शाला विकास समिति ने शिक्षा विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा विद्यालय में नियमित शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

संचालनालय रायपुर, छत्तीसगढ़ के निर्देश एवं जिला आयुष अधिकारी बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर डमरू द्वारा ग्राम पंचायत भवन ढाबाडीह में निःशुल्क एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर एवं स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जांच एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उनके निकट उपलब्ध कराना तथा विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत ढाबाडीह के सरपंच हेमंत ध्रुव उपस्थित रहे। शिविर प्रभारी एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. एल.एस. ध्रुव के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इस अवसर पर आयुष चिकित्सक डॉ. नेकदत्त, पंचायत सचिव सोनी कोसले, फार्मासिस्ट सावित्री योगी, योगेंद्र गेंद्रे, सुशील जायसवाल, एमपीडब्ल्यू त्रिलोक कुमार यादव, कोटवार सुमन दास, भारत साहू एवं पंच गंगा ध्रुव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया। आयोजकों ने ग्रामीणों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या को नजरअंदाज नहीं करने की अपील की।

शिवनाथ नदी की बाढ़ से फसलों को भारी नुकसान

करहीबाजार। शिवनाथ नदी के बढ़ते जलस्तर और बाढ़ के कारण क्षेत्र के खेतों में पानी भर जाने से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। बाढ़ की चपेट में आने से दर्जनों किसानों की सब्जियों और धान की फसल चौपट हो गई है। बाढ़ के पानी से भिंडी, तोरई, बैंगन, गोभी, लाल भाजी, बरबटी सहित विभिन्न सब्जियों की फसलें प्रभावित हुई हैं। वहीं खेतों में पानी भरने के कारण धान की फसल को भी काफी नुकसान पहुंचा है। किसानों की कई दिनों की मेहनत और लागत पानी में डूब गई है। फसल खराब होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है।



झेरिया रजक समाज का बनेगा सामुदायिक भवन

अर्जुनी। धोबी समाज का जिला स्तरीय महिला सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में हुआ था। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा थे। कार्यक्रम में झेरिया रजक समाज लवन राज के द्वारा मंत्री टंकराम वर्मा से सामुदायिक भवन के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की गई थी। समाज की मांग पर मंत्री टंकराम वर्मा ने धोबी पारा नहर के पास वार्ड क्रमांक 20 नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की गई थी। मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए की गई घोषणा की 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। सामुदायिक भवन के लिए राशि स्वीकृत होने पर धोबी समाज बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष श्रीराम रजक, महिला प्रकोष्ठ पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मला रजक, रजक समाज लवन राज अध्यक्ष पन्नालाल रजक, महिला प्रकोष्ठ लवन राज अध्यक्ष शीला रजक, कोषाध्यक्ष बालकुमार रजक, सचिव चोवाराम निर्मलकर, सहसलाहकार धनेश्वर निर्मलकर, सह सचिव मुनिष निर्मलकर, उपाध्यक्ष जनीराम निर्मलकर, जनपद सभापति अश्वनी रजक, ऑडिटर पंचराम रजक, राजप्रधान श्यामता रजक, राजप्रधान हार्दिक रजक, संगठन मंत्री हरिराम रजक, संरक्षक जनकराम निर्मलकर, जेठूराम निर्मलकर, घनाराम रजक, हीरालाल रजक, हेतराम रजक, पुनीत रजक सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारियो ने मंत्री टंकराम वर्मा का आभार जताया है।



पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को मिलेगा आवासीय तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

श्रम विभाग द्वारा जिले के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवारों के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कि गई हैं। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं सीपेट रायपुर के मध्य कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए महत्वपूर्ण अनुबंध हुआ है। इस अनुबंध के तहत प्रदेश के 200 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों अथवा उनके बच्चों को 480 घंटे (90 दिवस) का आवासीय तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य निर्माण श्रमिकों के परिवारों को आधुनिक तकनीकी कौशल से जोड़कर उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाना और परिवार की आय एवं आजीविका को मजबूत करना हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्लास्टिक प्रोसेसिंग, इंजेक्शन मोल्डिंग एवं एक्सट्रूजन जैसे तकनीकी क्षेत्रों में व्यावहारिक एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद प्रतिभागियों को संबंधित उद्योगों में रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इससे श्रमिक परिवारों के सदस्यों को पारंपरिक रोजगार के साथ-साथ तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। इसका लाभ केवल पंजीकृत निर्माण श्रमिकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनके बच्चों को भी कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे श्रमिक परिवारों की अगली पीढ़ी को तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया हैं 480 घंटे के आवासीय प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में आवश्यक व्यवहारिक दक्षता प्रदान की जाएगी।

आयोग ने दिलाई फाइनेंस कंपनी से वाहन की क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

फाइनेंस कंपनी द्वारा वाहन की क्षतिपूर्ति की राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा फाइनेंस कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए विधि प्रावधान अनुसार वाहन की क्षतिपूर्ति राशि 462424 एवं उपभोक्ता को मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 25000 तथा आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 25000 व वाद-व्यय के लिए 7000 रूपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा निवासी परिवादी बिहारी यदु ने विरोधी पक्षकार मेसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, रायपुर से अपने एक वाहन का फाइनेंस कर ऋण लिया था, जिसका 80 प्रतिशत राशि का भुगतान विरोधी पक्षकार को किया जा चुका था परंतु विरोधी पक्षकार द्वारा उसके वाहन को बिना किसी सूचना के बलपूर्वक कब्जे में लेकर उसका विक्रय कर दिया। परिवादी द्वारा उक्त वाहन वापस प्रदाय किये जाने या क्षतिपूर्ति दिये का दावा विरोधी पक्षकार फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में प्रस्तुत किया गया, जिसे फाइनेंस कंपनी द्वारा अनुचित आधारों पर इंकार कर दिया गया जिससे परिवेदित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष रंजना दता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि फाइनेंस कंपनी द्वारा परिवादी के वाहन को बिना किसी वैध नोटिस के कब्जे में लिया गया उसकी पावती भी प्रदाय नहीं किया गया, वाहन को सर्वे कराकर विक्रय किये जाने बाबत मात्र कथन किया गया है।



खबर संक्षेप



बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को पंचायत ने पहुंचाई मदद

करहीबाजार। शिवनाथ नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर से क्षेत्र के कई ग्रामीण परिवार बाढ़ की स्थिति से प्रभावित हैं। ऐसे संकट के समय प्रभावित ग्रामवासियों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए करही बाजार ग्राम पंचायत के सरपंच कमला अरुण निषाद, उपसरपंच अशोक पटेल, एवं ग्रामवासियों ने पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे बढ़कर राशन सामग्री का वितरण किया। इस दौरान बाढ़ प्रभावित परिवारों को आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई, ताकि उन्हें इस कठिन परिस्थिति में जीवन-यापन करने में कुछ राहत मिल सके। ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सभी को एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए। राशन सामग्री मिलने पर प्रभावित परिवारों ने ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सहयोग करने वाले ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कोहरौद स्कूल में शाला प्रबंधन समिति का गठन



बगबुड़ा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोहरौद में 28 सितंबर 2026 को शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। गठन प्रक्रिया के दौरान नेतराम सेन को अध्यक्ष तथा भुवन पैकरा को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य परमेश्वर सेन को सचिव एवं शिक्षक संतोष रात्रे को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। शाला प्रबंधन समिति में पुरुषोत्तम सोनवानी, काबिल दास बघेल, मोतिदास बघेल, अनिल पटेल, चंद्रप्रकाश साहू, पंचराम फेकर, मीना बंजारे, त्रिवेणी रजक, सरपंच दुकालहा राम ध्रुव, उपसरपंच मधु मनोज मार्कण्डेय, विधायक प्रतिनिधि वाल्मीकि साहू एवं पन्ना लाल रजक को सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर गंगा प्रसाद पटेल, पंच दास मानिकपुरी, रेवा राम साहू, चिंताराम साहू सहित विद्यालय के शिक्षकगण हेमकुमार निराला, तोमर सिंह डांडे, गणेश साहू, योगेश साहू, लहाराम मनहरे, जीतेन्द्र पैकरा, अजय कुमार गेंडरे, योगेंद्र साहू, लेखराम ठाकुर, शिवदयाल मरकाम, डिप्टी वर्मा, रामलाल यादव, महेंद्र गेंडर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। नवनियुक्त समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों के हित में विद्यालय प्रबंधन के साथ समन्वय से कार्य करने की बात कही।

निधन

सुमित स्वरूप मिश्रा



बलौदाबाजार। बलौदाबाजार पुलिस विभाग में पदस्थ आरक्षक सुमित स्वरूप मिश्रा (37) का 29 सितंबर को निधन हो गया। वे वर्ष 2013 के पुलिस भर्ती बैच के आरक्षक थे और वर्तमान में रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में पदस्थ थे।

सरिया के 9 गांवों में पहुंचा स्वास्थ्य अमला, लगाया चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

महानदी में आई बाढ़ से प्रभावित जिले के सरिया तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में जब सामान्य आवागमन बाधित है, ऐसे समय में स्वास्थ्य अमला नाव को अपना साधन बनाकर ग्रामीणों तक पहुंच रहा है। बाढ़ के बीच स्वास्थ्य कर्मियों ने नाव से प्रभावित गांवों का रुख किया और ग्रामीणों के बीच पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर लगाया। इस दौरान ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं और जल जनित बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए।

स्वास्थ्य विभाग की टीमें ठेंगागुड़ी, तोरा, लिपती, रेबो, बुदबुदा, छोटे नवापारा, रतनपाली और बरगांव सहित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के 9 ग्रामों में पहुंचीं। पानी से घिरे क्षेत्रों में नाव के जरिए पहुंचने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी ली और आवश्यकतानुसार उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध कराईं। ग्रामीणों को दूषित पानी के उपयोग से बचने, पेयजल को सुरक्षित रखने, साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने तथा संक्रमण से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां बरतने की समझाइश भी दी गई। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने हाल ही में अपने निर्वाचन क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था। उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग को प्रभावित ग्रामों में प्राथमिकता के साथ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के निर्देश दिए।

घर-घर स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी दवाइयां



कलेक्टर की निगरानी में राहत कार्य

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच रही हैं। बाढ़ के कारण रास्ते बंद होने और आवागमन प्रभावित होने के बावजूद स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा नाव के माध्यम से गांवों तक पहुंचकर ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशासन का प्रयास है कि बाढ़ की कठिन परिस्थिति में भी प्रभावित परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर न जाना पड़े और जरूरतमंदों को समय पर उपचार तथा आवश्यक दवाइयां मिल सकें। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्रामों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन आगे भी जारी रहेगा। स्वास्थ्य अमले की यह पहल आपदा की परिस्थिति में ग्रामीणों तक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के साथ-साथ संभावित जलजनित बीमारियों और संक्रमण की रोकथाम की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

मुक्तिधाम, मनरेगा गड़बड़ी से लेकर पीएम आवास तक की आई शिकायतें

जनदर्शन में ग्रामीणों ने रखी अपनी समस्याएं, कलेक्टर ने सुनीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें और मांगें कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू के समक्ष रखीं। कलेक्टर ने आवेदकों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं की जानकारी ली और हालचाल भी जाना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जनदर्शन में पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने भी अपने विभाग से संबंधित आवेदनों को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने सभी आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर पात्रता एवं नियमों के अनुरूप त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण में संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ कार्य करने तथा आवेदकों को नियमानुसार कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम पंचायत किसड़ा के आश्रित ग्राम कोठीखोल में मुक्तिधाम निर्माण की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक ने बताया कि कोठीखोल में करीब 80 परिवार निवासरत हैं और ग्राम में अब तक मुक्तिधाम की सुविधा उपलब्ध नहीं है। पंचायत मुख्यालय से कोठीखोल की दूरी लगभग 7 से 8 किलोमीटर होने के कारण ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। आवेदक ने मनरेगा के अंतर्गत मुक्तिधाम निर्माण स्वीकृत करने का आग्रह किया।



राजस्व, पेंशन, ट्राइसाइकिल और पीएम आवास के मामले भी गूंजे

ग्रामीणों ने किसान सम्मान निधि की राशि लंबे समय से नहीं मिलने, कृषि भूमि के एग्रीस्टैक पंजीयन के लंबित रहने, वन अधिकार पट्टा संबंधी आवेदनों पर पुनर्विचार, दिव्यांग व्यक्ति को बैटरी चलित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने तथा विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन की राशि दिलाने जैसी समस्याएं भी रखीं। राशन कार्ड में मृत्यु उपरांत नाम संशोधन तथा नया राशन कार्ड जारी होने के बावजूद खाद्यान्न नहीं मिलने की शिकायतें भी जनदर्शन में सामने आईं। इसके अलावा कैंसर के उपचार के लिए आर्थिक सहायता, सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे के उपचार हेतु शासन की दुर्घटना राहत सहायता योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृत राशि दूसरे हितग्राही के खाते में चले जाने संबंधी शिकायत भी प्राप्त हुई। आवेदक ने आवास निर्माण पूरा करने के बावजूद किस्त नहीं मिलने की जानकारी देते हुए राशि दिलाने का आग्रह किया। जनदर्शन में इसके अलावा भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों द्वारा अनेक आवेदन प्रस्तुत किए गए। जनदर्शन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी, एसडीएम उमेश साहू, एसडीएम बिलाईगढ़ ऋचा सिंह, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग

इसी तरह ग्राम सराईपाली के आश्रित ग्राम सुंदरगढ़ में मनरेगा कार्य के दौरान मस्टर रोल में कथित अनियमितता और मजदूरी भुगतान में भेदभाव की शिकायत भी जनदर्शन में की गई। आवेदक ने कुछ ऐसे लोगों के नाम से भुगतान किए जाने का आरोप लगाया, जिन्होंने कार्य नहीं किया, जबकि कार्य करने वाले कुछ श्रमिकों को पूर्ण भुगतान नहीं मिलने की बात कही। मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई। जनदर्शन में भूमि संबंधी विवादों और राजस्व प्रकरणों से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए। ग्राम कचौदा के एक आवेदक ने पैतृक भूमि के बंटवारे एवं अलग-अलग ऋण पुस्तिका प्रदान किए जाने की मांग रखी। आवेदक ने बताया कि खसरा क्रमांक 338 में स्थित भूमि को लेकर पारिवारिक विवाद है और वह पूर्व में विभिन्न स्तरों पर आवेदन कर चुका है। इसी प्रकार शासकीय घास भूमि पर कथित अतिक्रमण हटाने, सीमांकन एवं जांच की मांग को लेकर ग्राम पीपरदला से भी आवेदन प्राप्त हुआ।

आंगन मिलन सेवा व पोषण आहार दिवस, कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

सेवा संकल्प अभियान' 2026 के अंतर्गत सोमवार को ग्राम पंचायत बंगोली के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1, 2 और 3 में एक साथ 'आंगन मिलन सेवा' और पोषण आहार दिवस कार्यक्रम मनाया गया।

जिसमें हमारे रायपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष माननीय नवीन अग्रवाल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य गुलाब टिकरिहा, ग्राम पंचायत बंगोली के सरपंच उत्तम वर्मा बंगोली क्लस्टर बिहान से कविता सेन, समाज सेवक प्रियंकर सेन, बंगोली पंचायत की सचिव राजिम ध्रुव, भाजपा बंगोली मंडल अध्यक्ष हीरा वर्मा, भाजपा बंगोली मंडल कार्यालय प्रभारी दीपक धनकर, प्राथमिक विद्यालय बंगोली की प्रधानाध्यापिका सविता चंद्राकर, उप स्वास्थ्य केंद्र बंगोली से ऐश्वर्या वर्मा जी और दुर्गा साहू बंगोली की मितानिन दीदियां रूखमणि सेन, वंदना बैरागी, रुकमणी मानिकपुरी, सपना खूंटे और लक्ष्मी वर्मा, ग्राम पंचायत बंगोली के पंच राजू खूंटे, विमला धीवर, बंगोली आंगन बाड़ी केंद्र क्रमांक 1 से ज्योति सेन, केंद्र क्रमांक 2 से शकुन केंद्र क्रमांक 3 से संगीता सेन ग्राम बंगोली से समस्त माताएं बहने और पालक गण उपस्थित रहे। समाज के स्वास्थ्य चक्र को मजबूती प्रदान करने वाली हमारी समर्पित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा दीदियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए जन प्रतिनिधियों द्वारा श्रीफल से सहृदय सम्मान किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित बच्चों के पालकों के साथ आत्मीय संवाद कर बच्चों के संतुलित पोषण, उचित भरण-पोषण, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं प्रारंभिक देखभाल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया गया। गर्भवती माताओं का गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। गर्भवती माताओं द्वारा हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय को बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य के लिए दी जाने वाली मातृ वंदना और अन्य सहायता योजनाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राथमिक विद्यालय बंगोली में वृक्षारोपण भी किया गया।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का शिवरतन शर्मा ने किया निरीक्षण, प्रभावित परिवारों से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

लगातार हो रही बारिश और शिवनाथ नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सोमवार मैदान में उतरे और विधानसभा के सिमगा विकासखंड बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिये। उन्होंने ग्राम तोरा, चक्रवाय में शिवनाथ नदी के बढ़ते जलस्तर एवं जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किये। इस दौरान गावों के प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली।

शिवरतन शर्मा ने शिवनाथ नदी के जलस्तर की स्थिति का जायजा लेते हुए आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सुरक्षा एवं बचाव व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अधिकारियों से नदी के जलस्तर, आवागमन एवं संभावित प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं का निरंतर ध्यान रखा जाए और जरूरत के अनुसार हर संभव सहायता एवं आवश्यक सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि इस कठिन परिस्थिति में शासन-प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बढ़ते जलस्तर को देखते हुए शिवरतन शर्मा ने सभी नागरिकों से नदी एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखने की अपील की। उन्होंने गणेश विसर्जन के दौरान प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षित व्यवस्था एवं दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह करते हुए कहा कि सभी लोग सावधानी बरतें और किसी भी जोखिम वाले स्थान पर जाने से बचें।



भाटापारा में विकास अब सिर्फ बात नहीं जमीन पर दिखाई दे रहा है : अश्वनी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि भाटापारा के विकास को लेकर हमारी नीति बिल्कुल स्पष्ट है हर वार्ड में जरूरत के अनुसार विकास और हर नागरिक तक सुविधाओं की पहुंच। अब विकास केवल कागजों और घोषणाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उसकी तस्वीर जमीन पर दिखाई देगी। अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि गुरुनानक वार्ड में बोध विहार का विकास और बलभद्र वार्ड में शहीद वीर नारायण सिंह परिसर का निर्माण इस बात का प्रमाण है कि नगर पालिका विकास के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को भी समान महत्व दे रही है। उन्होंने कहा, "शहीद वीर नारायण सिंह जी का नाम केवल एक परिसर के साथ नहीं जुड़ रहा है, बल्कि उनके शौर्य और बलिदान की प्रेरणा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का काम हो रहा है। हमारी विरासत का सम्मान और शहर का विकास दोनों साथ-साथ चलेंगे।" श्री शर्मा ने कहा कि नगर पालिका परिषद भाटापारा की कार्यशैली अब परिणाम आधारित है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया सभापति गोविंद पटेल पार्षद मोंटू ध्रुव चंद्रकांत खुटे ठाकुरराम साहू एल्डरमैन डॉ मोहन बाँधे मनिंदर सिंह गुम्बर बंशी नेताम, श्याम लाल ध्रुव, अमर मंडावी, अशोक ध्रुव, हनुमंत सिंह मंडावी, प्रेमलाल, कृष्णा छेदइहा, कृष्ण कुमार, रवि ध्रुव, संतोष, उदल सिंह, विष्णु मरकाम, विक्रम ध्रुव, मूलचंद , कन्हैया, हिमांचल ध्रुव, लखन पोरते, सुखनंदन, भूपेंद्र ध्रुव, रामकुमार , रामनारायण ध्रुव, मन्नू ध्रुव, अनुसूईया ध्रुव, आशीष मेश्राम एवं लोकेश, प्रमोद,वाशु, पुनिया, प्रशांत, पुरषोत्तम, नितिन,निखिल, वार्डवासि मौजूद रहे।





भटगांव में चित्रकला व भाषण स्पर्धा आयोजित





भटगांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में विभिन्न रचनात्मक एवं जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न संकुलों में 'मेरे सपनों का भारत-चित्र सेवा' थीम पर चित्रकला, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा, विचारों तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव, विकासखंड बिलाईगढ़ में जोनल स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें भटगांव परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों से चयनित छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर भटगांव नगर पंचायत के एल्डरमैन तुलसी आदित्य, रामकृपाल पटेल, रविन्द्र बनाफर, सेजेस जनभागीदारी अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष रामदुलार साहू, प्राचार्य प्रियतम भारद्वाज सहित संकुल के शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ उनमें संस्कार, सामाजिक जिम्मेदारी एवं राष्ट्र सेवा की भावना को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान कर रहा है। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



